an>

Title: Need to include Kaurav Samaj in OBC List.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): धन्यवाद, माननीय अध्यक्ष जी । मैं आपके माध्यम से सदन के सामने एक महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूँ । देश की प्राचीनतम् जातियों में से एक, कौरव जाति, भारत की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल हो, ऐसा मेरा आग्रह है । कौरव समाज, जिसका उल्लेख महाभारत काल में मिलता रहा है, इसलिए इसका धार्मिक महत्व भी है । इस समाज ने देश की आज़ादी से लेकर समाज के कल्याण में वृहद् योगदान दिया है ।

माननीय अध्यक्ष जी, इस समाज ने देश को जहाँ एम.एस. चौधरी जैसा विद्वान आई.ए.एस. दिया है, वहीं बाबू नीतिराज सिंह चौधरी जैसा संविधानविद् और लोक सभा का सांसद भी दिया है, जिसने देश की प्रगति और समाज कल्याण के लिए काम किया । समय के साथ कृषि आश्रित कौरव समाज आपसी बंटवारे के चलते सीमान्त और लघु कृषक बनकर रह गए हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं । इस मेहनतकश और ईमानदार कौम को प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कर रखा है, लेकिन देश की सूची में शामिल न होने के कारण बच्चों को शिक्षा और नौकरियों में योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है । मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि जैसे उज्जैन में अंजना समाज है, वैसे ही हमारे नरसिंहपुर, होशंगाबाद, रायसेन, भिंड, ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर में कौरव समाज है । इस जाति के पिछड़े होने के कारण बच्चों को शिक्षा और नौकरियों में प्राथमिकता मिले, इन चीज़ों को ध्यान में रखते हुए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि कौरव समाज और उज्जैन का हमारा अंजना समाज, जो राजस्थान में भी है, को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करें । मेरा यह आपसे विनम्र आग्रह है ।

धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा एवं

श्री देवजी एम. पटेल को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।